Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 137 ▫ रायपुर, बुधवार 11 जून 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### इंडो-पैसिफिक कमांड का खुलासाः ऑपरेशन सिंदूर में पाक डिफेंस सिस्टम पूरी तरह फेल, चीनी हथियार निकले बेकार

**नई दिल्ली, 11 जून (न्यूज चैनल)।** भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए चार दिवसीय संघर्ष को लेकर अब अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड की वेबसाइट और अंतरराष्ट्रीय थिंक टैंकों की रिपोर्ट्स सामने आ चुकी हैं। इन रिपोर्टों के मुताबिक, पाकिस्तान के पास मौजूद चीनी हथियार और एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह नाकाम साबित हुए हैं। भारत के ऑपरेशन सिंदूर ने पीएएफ (पाकिस्तान वायुसेना) के 20 प्रतिशत बुनियादी ढांचे को तबाह कर दिया और कई एयरबेस को निष्क्रिय कर दिया गया। टोरंटो स्थित कुवा डिफेंस न्यूज एंड एनालिसिस ग्रुप के संस्थापक बिलाल खान ने कहा कि पाकिस्तान को चीन से मिले एयर डिफेंस सिस्टम उतनी प्रभावी नहीं रहे जितनी उम्मीद की गई थी। भारतीय वायुसेना की मिसाइलें एचक्यू-9 और एचक्यू-16 जैसे चीनी डिफेंस सिस्टम को पार करती हुई टारगेट्स तक पहुंचीं। लंदन के एशिया-पैसिफिक फाउंडेशन के सज्जन गोहेल ने बताया कि यदि रडार और मिसाइल सिस्टम भारतीय हमलों का पता नहीं लगा सके, तो इससे बीजिंग की हथियार डिप्लोमेसी को भारी झटका लगा है।

### रेलवे यात्रियों को बड़ी राहत! 24 घंटे पहले चल जाएगा पता टिकट कन्फर्म हुआ या नहीं

**नई दिल्ली, 11 जून (न्यूज चैनल)।** अगर आप भी ट्रेन से सफर करते हैं और हर बार यह सोचकर परेशान रहते हैं कि टिकट कन्फर्म होगा या नहीं?, तो अब आपके लिए अच्छी खबर है। रेलवे ने एक ऐसा नया सिस्टम तैयार किया है, जिससे आपको ट्रेन छूटने से 24 घंटे पहले ही पता चल जाएगा कि आपका टिकट कन्फर्म हुआ या नहीं। फिलहाल जब आप ट्रेन का टिकट बुक करते हैं और वह वेटिंग में होता है, तो आपको यह सिर्फ ट्रेन चलने से 4 घंटे पहले पता चलता है कि टिकट कन्फर्म हुआ या नहीं। इससे यात्रियों को समय पर योजना बनाने में दिक्कत होती है। रेलवे अब एक नया सिस्टम ला रहा है, जिसमें वेटिंग टिकट की कन्फर्मेशन की जानकारी ट्रेन चलने से 24 घंटे पहले ही दे दी जाएगी। इससे यात्रियों को अगर टिकट कन्फर्म न हो, तो वे दूसरा विकल्प चुन सकते हैं - जैसे बस या फ्लाइट। रेलवे ने इस सिस्टम का पायलट प्रोजेक्ट बीकानेर डिवीजन (राजस्थान) में शुरू कर दिया है।




चूहा- सुनती हो, लालू यादव कह रहें हैं बिहार में कानून-व्यवस्था का अंतिम संस्कार हो गया है।
चुहिया- हां जी, फिर तो नेताओं के भ्रष्टाचार के लिए बढ़िया जगह है..।

## पत्रकारों के विरोध के चलते कलेक्टर ने माइनिंग अधिकारी को थमाया शोकॉज नोटिस

### अवैध रेत खदानों के संचालन का मामला

**गरियाबंद, 11 जून (हाईवे चैनल)।** पितई बंद में संचालित अवैध रेत खदान की जानकारी लेने गए पत्रकारों ने माफिया के गुर्गों के हमले के बाद कलेक्टर और एसपी से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की थी. इस पर अब प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है. कलेक्टर भगवान सिंह उईके ने जिला खनिज अधिकारी रोहित साहू को शोकॉज नोटिस भेजकर अवैध माइनिंग के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने पर जवाब तलब किया है. जिले में देवभोग के पुराना पानी घाट को छोड़ दिया जाए तो जिले में 17 से ज्यादा अवैध रेत खदान धड़ल्ले से जारी थे. सोमवार के घटना के बाद आधा से ज्यादा बंद हो गए थे. पर बहुत सी खदानें अब भी जारी है, जिसे पूरी तरह से बंद कराने की मांग पत्रकार संगठन ने की है. पत्रकारों की मांग पर कलेक्टर उईके और एसपी निखिल राखचे ने भरोसा



दिलाया है कि अवैध खदानों तक हाइवा न जा सके इसके लिए वहां स्ट्रक्चर बना कर मार्ग को अवरुद्ध किया जाएगा. जहा अस्थाई रैंप बनाए गए उसे तोड़ा जाएगा. इसके साथ जिस पंचायत में यह गतिविधि जारी है, वहां के पंचायतों को अलर्ट किया जाएगा. मंगलवार शाम को ही कलेक्टर ने सभी तहसीलदार और एसडीएम को पत्र लिख अवैध रेत खदान रोकने के निर्देश जारी किया है।

कलेक्टर भगवान सिंह उईके ने कहा कि पीएम आवास 33 फीसदी पूर्ण हुए है. ऐसे में उनके आवास की प्रगति लाने उन्हें रेत बगैर रॉयल्टी का ही उपलब्ध होगा. अगर कोई आवास वालों के रेत परिवहन में रोडा डालेगा तो कार्रवाई होगी।

### सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात पर मोदी बोले-

## जिस तरह भारत की आवाज को आगे बढ़ाया उस पर मुझे गर्व

**नई दिल्ली, 11 जून (न्यूज चैनल)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सात बहुपक्षीय प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से मुलाकात की, जो ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख को उजागर करने के लिए 30 से अधिक देशों की यात्रा पर गए थे। ये बैठकें प्रधानमंत्री के आवास पर एनडीए सरकार के केंद्र में लगातार 11 साल पूरे करने के एक दिन बाद हुईं। मोदी ने प्रतिनिधिमंडलों की यात्राओं पर फीडबैक प्राप्त किया, जिसका उद्देश्य 22 अप्रैल को पहलगाम नरसंहार के बाद पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को उजागर करना था। मोदी ने एक्स पर लिखा कि विभिन्न देशों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से मुलाकात की और शांति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता तथा आतंकवाद के



खतरे को समाप्त करने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। जिस तरह से उन्होंने भारत की आवाज को आगे बढ़ाया, उस पर हम सभी को गर्व है।

विभिन्न राजनीतिक दलों के 50 से अधिक सांसदों, राजनयिकों और पूर्व सांसदों वाले सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों को 21 मई से 33 देशों में भेजा गया, ताकि पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवादी खतरे को उजागर करने के लिए एकजुट, लोकतांत्रिक मोर्चा बनाया जा सके। सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से चार का नेतृत्व सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन के सांसदों ने किया, जिसमें जेडी(यू) और शिवसेना (शिंदे) के प्रतिनिधि शामिल थे, जबकि शेष तीन का नेतृत्व विपक्षी सांसदों ने किया। भाजपा के रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, कांग्रेस के शशि थरूर, जेडी(यू) के संजय झा, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे, डीएमके की कनिमोझी और एनसीपी (एसपी) की सुप्रिया सुले ने आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता की भारत की नीति से अवगत कराने के लिए सात प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व किया।

## छत्तीसगढ़ बोर्ड की दूसरी मुख्य परीक्षा 8 जुलाई से

**रायपुर, 11 जून (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की दूसरी मुख्य परीक्षा 8 जुलाई से आयोजित की जाएगी. 12वीं की परीक्षा 8 जुलाई और 10वीं की परीक्षा 9 जुलाई प्रारंभ होगी. गत वर्ष से पूरक परीक्षा के बजाय माशिमं द्वारा दूसरी बार बोर्ड परीक्षा आयोजित की जा रही है. इन दिनों पहली परीक्षा के बाद पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया चल रही है. इस बीच दूसरी



परीक्षा के लिए फॉर्म भी भरे जा रहे हैं. सामान्य शुल्क के साथ फॉर्म भरने की अंतिम तिथि खत्म हो चुकी है. अब विलंब शुल्क के साथ 20 जून तक तथा विशेष विलंब शुल्क के साथ 21 से 30 जून तक फॉर्म भरे जा सकते हैं।

परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित होगी. माशिमं ने दूसरी मुख्य परीक्षा की समय सारणी आज जारी कर दी. कक्षा 12वीं की परीक्षा 8 जुलाई से प्रारंभ होकर 22 जुलाई तक चलेगी. वहीं 10वीं की परीक्षा 9 जुलाई से 21 जुलाई तक आयोजित की जाएगी. इस परीक्षा में पहली परीक्षा में अनुत्तीर्ण के अलावा पूरक तथा कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी श्रेणी सुधार के लिए सम्मिलित हो सकेंगे. पिछले साल बड़ी संख्या में प्रथम श्रेणी में आए विद्यार्थियों ने भी दूसरी परीक्षा दी थी।

दूसरी परीक्षा की समय सारणी कक्षा बारहवीं 8 जुलाई- हिन्दी, 10 जुलाई- अंग्रेजी, 11 जुलाई- संस्कृत, 12 जुलाई- इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, कृषि विज्ञान के तत्व एवं गणित, ड्राइंग एंड पेंटिंग, आहार एवं पोषण, 14 जुलाई- मराठी, उर्दू पंजाबी, सिंधी, बंगाली, गुजराती, तेलगू, तमिल, मलयालम, कन्नड़, उड़िया, 15 जुलाई- भूगोल, भौतिक शास्त्र, 16 जुलाई- समाज शास्त्र, 17 जुलाई- राजनीति विज्ञान, रसायन शास्त्र, लेखा शास्त्र, फसल उत्पादन एवं उद्यान शास्त्र, वस्तु चित्रण एवं आलेखन, शरीर क्रिया विज्ञान एवं प्राथमिक चिकित्सा, 18 जुलाई- मनोविज्ञान, 19 जुलाई- रिटेल मार्केटिंग मैनेजमेंट, आईटी, ऑटोमोबाइल सर्विस टेक्निशियन, हेल्थ केयर, एग्रीकल्चर, मीडिया एंड इंटरटेनमेंट, टेलीकम्यूनिकेशन, बैंकिंग फाइनेंसियल सर्विस एंड इंश्युरेंस, ब्यूटी एंट वेलनेस, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, 21 जुलाई- गणित, कम्प्यूटर एप्लीकेशन, भारतीय संगीत, चित्रकला, नृत्यकला, स्टेनो टायपिस्ट, कृषि, गृह विज्ञान, वाणिज्यिक गणित, औद्योगिक संगठन के मूल तत्व, 22 जुलाई- जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र, पशुपालन, दुग्व प्रौद्योगिकी मत्स्य एवं कुक्कट पालन, भारतीय कला का इतिहास, विज्ञान के तत्व. कक्षा दसवीं- 9 जुलाई-गणित, 11 जुलाई प्रथम भाषा हिन्दी, 14 जुलाई- द्वितीय भाषा अंग्रेजी, 15 जुलाई- व्यावसायिक पाठ्यक्रम के विषय, 16 जुलाई- विज्ञान, 18 जुलाई सामाजिक विज्ञान, 19 जुलाई- तृतीय भाषा, 21 जुलाई- केवल दृष्टिहीन छात्रों के लिए संगीत, केवल मूक बधिर छात्रों के लिए ड्राइंग एंड पेंटिंग।

## पति को मरता देखती रही सोनम, सामने आया 'हनीमून मर्डर' का सच

**नई दिल्ली, 11 जून (न्यूज चैनल)।** इंदौर से हनीमून पर निकले राजा और सोनम रघुवंशी की कहानी में रोमांस से ज्यादा रहस्य था। शादी के महज 12 दिन बाद दोनों मेघालय के सोहरा (चेरापूंजी) पहुंचे थे। लेकिन कुछ ही दिन में दोनों के लापता होने की खबर आई। फिर, गहरी खाई में एक शव मिलने से पूरे मामले ने हत्याकांड का शक गहरा कर दिया। शव की पहचान राजा रघुवंशी के रूप में हुई, और उसकी पत्नी सोनम गायब थी। कुछ दिन बाद सोनम गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) से पकड़ी गई। जांच में जो सामने आया, उसने हर किसी को हैरान कर दिया। सोनम ही इस हत्या की मास्टरमाइंड निकली। उसने अपने प्रेमी राज कुशवाहा के साथ मिलकर पूरे प्लान को अंजाम देने की तैयारी पहले से कर रखी थी। हत्या में कुल पांच लोग शामिल थे ङ्क सोनम, उसका प्रेमी राज और तीन अन्य ङ्क विशाल उर्फ विक्की, आकाश और आनंद। सभी ने क्राइम ब्रांच की पूछताछ में अपना गुनाह कुबूल कर लिया है। पूछताछ में सामने आया है कि राजा की हत्या के लिए मेघालय तक का सफर बेहद सोच-समझकर तय किया गया था। राज कुशवाहा खुद इंदौर में रुका रहा लेकिन उसने बाकियों को ट्रेनों के जरिए गुवाहाटी होते हुए शिलांग भेजा। खर्च के लिए 40-50 हजार रुपये भी दिए। हत्या के दिन विशाल ने राजा पर पहला हमला किया, बाकी आरोपियों ने मदद की। और सबसे हैरान करने वाली बात- सोनम पूरी वारदात के दौरान वहीं मौजूद थी, अपने पति को मरता हुआ देख रही थी।

## फ्लोराइड रहित पानी के लिए तरसता सुपेबेड़ा अब तक महज 30 फीसदी ही काम हो पाया

### निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने दिए ठेकेदार पर कार्रवाई के निर्देश

**गरियाबंद, 11 जून (हाईवे चैनल)।** किडनी की बीमारी से ग्रसित लोगों का गांव सुपेबेड़ा के साथ आस-पास के 9 गांवों में तेल नदी से फ्लोराइड रहित पेयजल उपलब्ध कराने बनाई गई सामुदायिक जल प्रदाय योजना 8 माह बाद भी परवान नहीं चढ़ी है. अतरिक्त समय देने के बावजूद ठेकेदार अब तक महज 30 फीसदी काम ही कर पाया है. स्थिति को देखते हुए अब ठेकेदार पर कार्रवाई की तैयारी है।

सरकार की प्राथमिकता में शामिल सुपबेड़ा में सामूहिक जल प्रदाय योजना के क्रियान्वयन में कोताही बरती जा रही है. कार्यों की निगरानी के लिए मंगलवार को राजधानी से पीएचई के प्रमुख अभियंता टीडी शांडिल्य और अधीक्षण अभियंता रायपुर मंडल समीर गौड़ सुपेबेड़ा पहुंचे थे. तेल नदी



के सेनमुडा घाट पर चल रहे हेड वर्क का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता पर तो संतोष जाहिर किया, लेकिन योजना की प्रगति को लेकर नाराजगी जाहिर की.

ईई विप्लव धृतलहरे को अफसरों ने ठेका कंपनी को नोटिस जारी करने के साथ ही कार्य में प्रगति लाने के निर्देश भी दिए. ईई विप्लव धृतलहरे ने बताया कि कार्य 30 फीसदी हुआ है. जो 70 फीसदी कार्य शेष है, उसे दो माह के भीतर कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है. फ्लोराइड युक्त पानी की वजह से गांव में पहले ही किडनी रोग से ग्रसित मरीजों की संख्या ज्यादा है. ऐसे में गांववालों को तेल नदी से साफ पानी उपलब्ध कराने योजना को पूर्ववर्ती सरकार ने वर्ष 2019 में मंजूरी दे दी थी. योजना के तहत सुपेबेड़ा के अलावा पास के लगे 9 गांव के 2074 परिवार को तेल नदी का साफ पानी पीने के लिए उपलब्ध कराना था।

अधिकांश गांव में जल जीवन मिशन से सप्लाई टंकी का निर्माण हो चुका है. लेकिन तेल नदी से सप्लाई करने 1250 मीटर पाइप लाइन बिछाया जाना था, जो अब तक 814 मीटर ही पाइप लाइन बिछाया गया है. हेड वर्क के अलावा सुपेबेडा में रिमूवल प्लांट और सप्लाई टैंक का निर्माण होना है, जो अब तक अधूरा पड़ा है. योजना के लिए बलरामपुर के ठेका कंपनी महावीर बोरवेल से अनुबंध किया गया था. 8.50 करोड़ के इस कार्य को मार्च 2025 में पूर्ण कर लिया जाना था. लेकिन कार्य पूरा नहीं होने पर अब विभाग ने उसे अक्टूबर 2025 तक कार्य करने का सीमा तय किया गया है. अब देखना है कि इस अवधि में काम पूरा हो पाता है कि नहीं।


